तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025



11 गर्मी के शुरुआती दिनों में कहर, बुनियादी सुविधाओं की ...



12 अपने गांव की पावन भूमि का कर्ज जीवन भर नहीं...











## खबर संक्षेप



### 10 लीटर अवैध शराब जब्त, महिला गिरफ्तार

**गरियाबंद।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे नया सवेरा अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना गरियाबंद की टीम ने कार्रवाई करते हुए 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम भेजरडीह की एक महिला जंगल में अवैध रूप से महुआ शराब बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रही है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव के नेतृत्व में टीम ने मौके पर दबिश दी और महिला को शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। गिरफ्तार महिला की पहचान रेखाबाई कमार 35 वर्ष, निवासी भेजरडीह, जिला गरियाबंद के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पास से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 1000 रुपये जब्त की। आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना गरियाबंद पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि अवैध शराब और नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बेक डेट पर निलंबन कांग्रेस की दुर्भावना : अन्नू तारक


**अभनपुर।** नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अन्नू तारक ने पार्टी द्वारा निष्कासित किये जाने पर लिखित विज्ञप्ति के माध्यम से प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव मे पार्टी का कोई सिंबाल नहीं होने के कारण जिला पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ा था जिसमें क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से 16126 मत प्राप्त कर 7904 मतों से जीत दर्ज किया। चुनाव का रिजल्ट आने के बाद मुझे नोटिस न देकर बैक डेट में निलंबित किया गया। मेरे साथ दुर्भावना पूर्व की गई कार्यवाही से संबंधित शिकायत जिला कांग्रेस व प्रदेश कांग्रेस कमेटी मे किया गया है।

**आगजनी :** जंगल में आग लगने से नगर के चारों तरफ धुआं ही धुआं, कीमती लकड़ियां स्वाहा

# जंगल में धधक रही है आग, वन्य प्राणी भटकने को हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इन दिनों मैनपुर क्षेत्र के जंगल में जगह-जगह भीषण आग लगी हुई है, तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर तक आग की धधक और धुंआ का अहसास किया जा सकता है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज तीन किलोमीटर दूर पैरी उदगम पहाड़ी भाठीगढ में पिछले दो दिनों से जगह -जगह भारी आग लगी हुई है। आग की लपटे शाम होते ही मैनपुर नगर से दिखाई दे रहा है और मैनपुर नगर तक चारों तरफ धुंआ ही धुंआ फैला हुआ है। गरियाबंद वनमंडल के वन परिक्षेत्र मैनपुर और धवलपुर, नवागढ के पहाडी ईलाके में लगी आग नेशनल हाइवे से दिखाई दे रहा है। वन विभाग द्वारा कई स्थानों पर आग को बुझाने में कामयाबी भी मिली है, लगातार आगजनी के कारण वन्य प्राणी जंगल को छोडकर गांव के तरफ आ रहे हैं, जिससे वन्य प्राणी और मानव के बीच कभी भी कोई गंभीर घटना दुर्घटना की अंदेशा बनी हुई है। अभी क्षेत्र में गर्मी का सीजन ठीक से प्रारंभ भी नहीं हुआ है, और क्षेत्र के पहाड़ी जंगल ईलाकों में आग लगने की जानकारियां आने लगी है, अब क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की सिलसिला प्रारंभ हो गया है। मंगलवार और बुधवार शाम को मैनपुर कुल्हाडीघाट के पहाड़ी जंगल क्षेत्र में कई जगह आग लगी हुई थी यह आग मैनपुर नगर से दिखाई दे रहा था। आग की लपटे पहाड़ी क्षेत्रों में काफी दूर तक फैली हुई थी। हर वर्ष गर्मी के सीजन में क्षेत्र कें जंगलों में आग लगने से भारी क्षति पहुंचती है और वन्य प्राणी व्याकुल होकर इधर -उधर भटकने मजबूर होते हैं जिसका अवैध शिकार की संभावनाए बनी रहती है। मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र मैनपुर के भाठीगढ पहाड़ी इलाके में कई स्थानों पर आग लगी हुई है। वहीं मैनपुर वन परिक्षेत्र के देहारगुड़ा, गोपालपुर, साल्हेभाठ, कोदोभाठ, गोबरा, पथर्री, ठेमली, सिंहार क्षेत्र के जंगलों में लगातार आग लगने की जानकारी मिल रही है। जबकि वन प्रशासन द्वारा जंगलों को आग से बचाने के लिए ▶▶| शेष पेज 10 पर



### सेटेलाइट के माध्यम से मिल रही आग की जानकारी

वन परिक्षेत्र अधिकारी छबिलाल ध्रुव ने बताया मैनपुर वन परिक्षेत्र के पहाड़ी क्षेत्रों में आग लगने के साथ ही जंगलों में आग लगने की जानकारी लगातार सेटेलाईट के माध्यम से उच्च अधिकारियों तक पहुंच रही है। उन्होने बताया मैनपुर परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 924, 844, 843, 886, 861, 863, 857, 891, 843, 839, 906, 991, 878, 865, 858, 892 में आग लगी थी जिसे बुझा लिया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री ध्रुव ने बताया अब तक आगजनी से 11.268 हेक्टेयर रकबा प्रभावित हुआ है और आग को बुझाने के लिए मैनपुर वन परिक्षेत्र के सभी बिटो में फायर वाचर नियुक्त किया गया है साथ ही वन चौकीदार वन अमला लगातार आग बुझाने के लिए कार्य कर रहे है। उन्होने बताया आग बुझाने के लिए विभाग के पास आठ ब्लोवर मशीन है जिसमें दो खराब हो गई है और ब्लोवर की मांग किया गया है। उन्होने क्षेत्रवासियो से अपील किया है कि आगजनी की घटना में आग बुझाने में विभाग का सहयोग करे और जहां भी जंगल में आग लगे तत्काल इसकी सूचना देने की अपील की है।

# सर्चिंग के दौरान वर्दी, साहित्य और अन्य सामग्री बरामद नक्सली भागने में सफल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। गरियाबंद पुलिस, ई-30, एसटीएफ, कोबरा 207 वाहिनी और धमतरी डीआरजी की संयुक्त टीम ने नगरी-सिहावा (धमतरी) क्षेत्र के जंगलों में सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान नक्सली वर्दी, नक्सल साहित्य और अन्य सामग्री बरामद की है। हालांकि, सुरक्षाबलों को अपनी ओर आता देख नक्सली घने जंगल की आड़ लेकर भागने में सफल हो गए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर 4 मार्च को सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम नगरी-सिहावा क्षेत्र में सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। 5 मार्च की सुबह ग्राम ठोठाझरिया (सिहावा) स्थित मंदागिरी पहाड़ी के पास नक्सलियों की मौजूदगी का पता चला। टीम ने तुरंत इलाके की घेराबंदी की, लेकिन नक्सली फरार हो गए। सर्चिंग के दौरान नक्सली वर्दी, नक्सल साहित्य और अन्य सामान बरामद किया गया।

**आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटें-** गरियाबंद पुलिस ने माओवादियों से हिंसा छोड़ने और समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति का लाभ मिलेगा, जिससे वे अपने परिवार के साथ सुख, शांति और स्वतंत्रता के साथ जीवन जी सकेंगे।

# मेला तो निपट गया, लेकिन महानदी का हाल हुआ बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- महानदी की सफाई के प्रति जिम्मेदारों की अनदेखी

15 दिनो का मेला अभी हाल ही में निपटा है। मेले के दौरान यहां रोज महानदी की आरती होती रही है लेकिन कायदे से देखा जाए तो महानदी की दुर्दशा विडंबना से कम नही है। पटपर भांठा और बंजर जैसे हालात को देखकर हर किसी को पीड़ा होती है। जबकि यह छत्तीसगढ़ की सबसे लंबी एवं जीवनदायिनी नदी है। महानदी को देखने पर ऐसा लगता है कि नदी के ऊपर एक फीट से ऊपर घास फुंस की परत चढ़ गई है। कटीली झाड़ियां एवं ऊबड़-खाबड़ मैदान के रूप में दिख रहा है, कीड़े बजबजा रहे हैं। मालूम हो कि पिछले वर्ष जब मेला समाप्त हुआ तो उसके बाद से जिले के जिम्मेदार अधिकारियो ने नदी की ओर मुड़कर भी नहीं देखा। पूरा साल बीत गया नदी की साफ-सफाई पर कोई ध्यान नही दिया गया। फलस्वरुप नदी में रेत के स्थान पर अब केवल कीचड़ युक्त बदबूदार पानी और कटीली झाड़ियां उगी हुई है। ऐसे में बीमारी एवं खाज-खुजली से ग्रसित भी होना पड़ ▶▶| शेष पेज 10 पर








# कराते प्रशिक्षण में छात्राएं सीख रहीं आत्मरक्षा के गुर

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासन द्वारा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत स्कूलों में छात्राओं को मानसिक व शारीरिक रूप से दक्ष बनाने के लिए कराते प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें छात्राएं कही भी विकट परिस्थितियों में घिर जाने के बाद अपने आप को कैसे बचाएं इसका प्रशिक्षण लें रहे हैं। प्रशिक्षण में चाकू, लाठी से हमला और चाहे किक हो या पंच को अपनी सूझबूझ से सही टैक्नीक लाकर आसानी से कैसे बचा जा सके। यह प्रशिक्षण राज्य के सभी स्कूलों में दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण गरियाबंद जिला भारोत्तोलन संघ छत्तीसगढ़ के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश से विकासखंड छुरा के विभिन्न पूर्व माध्यमिक शालाओं में दिया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पंक्तियां में भी छात्राओं द्वारा इस कराते प्रशिक्षण का गुर सीखकर लाभ ले रहे हैं। संस्था प्रमुख प्रधानपाठक गिरवर लाल ध्रुव, अन्य शिक्षक गण जागेश्वर राम ध्रुव, श्री धामेश्वर कुमार साहू, गुरुदेव भास्कर, श्री गंगा राम यादव आदि के विशेष सहयोग से कराते प्रशिक्षक श्री पोखन ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।








# कलेक्टर ने बिना अनुमति शासकीय भूमि के अंतरण को किया शून्य घोषित

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने तहसील गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पारागांवडीह में शासकीय पट्टे के भूमि को सक्षम प्राधिकारी के अनुमति के बगैर विक्रय-अंतरण किये जाने के प्रकरण में महत्वपूर्ण फैसला दिया है। उन्होंने अंतरण को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7-ख) के उल्लंघन पाये जाने पर शून्य एवं अकृत घोषित करते हुए उक्त भूमि को पूर्व की भांति शासन के अधीन किये जाने का आदेश जारी किया है। साथ ही विवेचना के आधार पर पटवारी मनोज खरे व मनेश्वर सिंह ठाकुर के अलावा गोपाल राम एवं नितेश साहू के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद को दिये हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम पारागांवडीह में स्थित भूमि खसरा नं. 27/3 रकबा 0.40 हेक्टेयर तथा खसरा नं. 27/2 रकबा 0.20 ▶▶| शेष पेज 10 पर

## शपथ ग्रहण एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर नवापारा में भाजपा का जश्न...





**नवापारा-राजिम।** विधायक इंद्रकुमार साहू की मौजूदगी में नवापारा पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू एवं भाजपा तथा निर्दलीय पार्षदो के शपथ ग्रहण एवं भूपेंद्र सोनी के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, अशोक गंगवाल, परदेशी राम साहू, मुकुंद मेश्राम, किसान नेता चंद्रिका साहू, मेघनाथ साहू, प्रेम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेत्री एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

### खबर संक्षेप



## कांग्रेसी कार्यकर्ता एक होकर कार्य करें : गुरमुख सिंह

**गरियाबंद।** नगरीय चुनाव में अध्यक्ष व पार्षदों के चुनाव के बाद अब नगर पालिका में उपाध्यक्ष का चुनाव होना है। जिसके चलते भाजपा व कांग्रेस पार्टी ने उपाध्यक्ष चयन के लिए पर्यवेक्षक बनाए हैं। गरियाबंद पालिका में 10 मार्च को शपथ ग्रहण व उपाध्यक्ष का चुनाव होना है। इसके कारण भाजपा में ज्यादा गहमा गेहमी है। वहीं कांग्रेस पार्टी भाजपा के पार्षदों के बिखराव की उम्मीद लगाए हुए हैं । उपाध्यक्ष चुनाव के मध्य नजर कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक गुरमुख सिंह होरा पूर्व विधायक कुरूद धमतरी, गरियाबंद में कांग्रेस भवन में पहुंच कर पार्षद एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ से चर्चा की स्थानीय कार्यकर्ताओ ने गरियाबंद में पालिका में पार्षदों कि संख्या एवं पार्टी संगठन आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता को श्री होरा ने विषम परिस्थिति में एकजुट होकर कार्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष प्रेम सोनवानी, सन्नी मेमन, छगन यादव पार्षद, मुकेश पाण्डेय, मुकेश रामटेके, राजेश साहू आदि उपस्थित रहे। श्री होरा के कांग्रेस भवन पहुंचने पर कार्यकर्ताओ द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

## घेंगा रोग का सर्वे व जांच प्रारंभ



**मैनपुर।** राष्ट्रीय आयोडिन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम के तहत घेंघा रोग सर्वेक्षण एवं जॉच 6 वर्ष से 12 वर्ष के बच्चों का किया जा रहा है। स्कूलों में जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक समन्वयक पार्वती नागेश ने बताया की मैनपुर क्षेत्र देहारगुड़ा एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल में जॉच सर्वे कर इसके नियंत्रण एवं रोकथाम की जानकारी दी गई।

## अमात गोंड समाज की बैठक में नशामुक्ति व शिक्षा पर दिया जोर



**मुड़ागांव(कोरासी)।** अमात्य गोंड समाज फिंगेश्वर राज का वार्षिक बैठक शनिवार को ग्राम कसेकेरा में रखा गया। जिसमें समाज के समस्त पदाधिकारी व सदस्य सहित युवा प्रभाग महिला प्रभाग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्ट देव बड़ादेव की आरती के साथ शुरु हुआ उसके बाद इस कार्यक्रम के सभापति ईश्वर सिंग ठाकुर वा अध्यक्षता बलदाऊ राम नेताम ने किया। सचिव खेलन नागेश ने वार्षिक आय-व्यय की जानकारी दी। तथा शिक्षा, संस्कृति, संस्कार, नशा मुक्ति पर चर्चा किया गया। साथ -साथ मेधावी छात्र -छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दिया गया। नारी सशक्तिकरण के साथ- साथ नव निर्वाचित सरपंचों का भी सम्मान किया गया। सर्कल के राज अध्यक्ष, सर्कल अध्यक्ष उपाध्यक्ष व सर्कल सचिव के द्वारा समाज को संगठित करने पर जोर दिया गया।

### आयोजन : नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कथा आयोजन समिति ने किया सम्मान

# शिक्षा, स्वास्थ्य व जन समस्या को सुधारना और विकास करना प्राथमिकता : इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

क्षेत्र के लोहरसी गांव में लगातार शिव महापुराण कथा का आयोजन 26 फरवरी से किया जा रहा है। जहां महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सरगी नदी के तट पर देवधिमहादेव बाबा की कथा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने नौ दिनों तक पूरी आस्था और विश्वास के साथ श्रवण किया। गुरुवार को सुबह 9:00 बजे से 1:00 तक हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया। इस दरमियान भारी संख्या में भोलेनाथ के भक्तगण पहुंचे हुए थे उसके बाद विशाल भोग भंडारा में प्रसादी प्राप्त कर तृप्त हुए। शाम को में गांव के नव निर्वाचित सरपंच पंच जनपद व जिला पंचायत सदस्यों का शिव महापुराण कथा के आयोजन समिति द्वारा सभी को एकत्रित कर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान संगीत में स्वागत में सभी जनप्रतिनिधि गण गदगद हो गए। सभी को श्रीफल गमछा बैठकर गांव के विकास कार्यों की भाग डोर उपस्थित पंडाल के लोगों के समक्ष सौंपी गई। स्वागत सम्मान के बाद उद्बोधन में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ने कहा की गांव और क्षेत्र के विकास के लिए एक होकर आगे बढ़ेंगे और गांव का विकास करेंगे। सर्वप्रथम हमारा कार्य होगा शिक्षा, स्वास्थ्य और जन समस्या को सुधारना और विकास करना। साथ ही इंद्रजीत ने कहा कि इतिहास में पहली बार इतना बड़ा आयोजन हमारे गांव के लिए गर्व की बात है और भोलेनाथ की कृपा से हमारे गांव के उज्जवल भविष्य को नया आयाम मिलेगा।




सरपंच लोमस साहू ने कहा कि देवों के देव महादेव बहुत भोले हैं उनकी कृपा से हमारे गांव व क्षेत्र की कायाकल्प भी होगा और विकास की नई सीढ़ी खुलेगी कथा वाचिका दीदी मां प्रज्ञा भारती ने कथा के दौरान कहा था कि शिव महापुराण एक ऐसे स्थान में होना चाहिए जहां भोलेनाथ का मंदिर हो पास में शमशान हो पास में पवित्र नदी हो और गौठान हो जो हमारे गांव के कथा स्थल पर संपूर्ण चीज पास में ही एकत्रित हैं इतने शुभ स्थान पर शिव महापुराण कथा का होना हमारे गांव व क्षेत्र के लिए काफी सुविधायक और लाभदायक है। मैं सभी जनप्रतिनिधि व आयोजक समिति को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि इतना सुंदर महापुराण का आयोजन किया और पूरे लोहरसी को 9 दिनों तक शिव मय में शराभोर कर दिया था। कथा विराम के बाद संध्या कालीन बेला में धर्म नगरी राजिम मेले में जो आरती होता है महा आरती गंगा आरती इस प्रकार लोहरसी के सरगी नदी में भी दीदी मां प्रज्ञा भारती के मुखारविंद से किया गया। पूरा गांव भक्ति मय और शिव मय में डूब गया था। विशाल भंडारा में भोजन कर सभी श्रद्धालु अपने-अपने निज निवास के लिए प्रवेश किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सरपंच जनपद पंच आयोजक समिति बाहर गांव से पहुंचे श्रद्धालु वह गांव के समस्त भक्तगण मौजूद रहे।

### लोहरसी के सरगी नदी में हुई आरती



## पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सीएम विष्णुदेव साय से यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात कर पत्रकार सम्मान निधि को दो गुना करने के साथ ही पत्रकारों के लिए बजट में नए प्रावधान करने के लिए आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल ने इस मौके पर मुख्यमंत्री को श्री विष्णुपुराण की प्रति भी भेंट की। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के बजट में पत्रकार सम्मान निधि को प्रतिमाह 10 हजार रूपए से बढ़ाकर 20 हजार रूपए करने, पत्रकारों एक्सपोजर विजिट के लिए 1 करोड़ रूपए और रायपुर के प्रेस क्लब भवन के रिनोवेशन एवं विस्तार के लिए 1 करोड़ रूपए करने का प्रावधान किया गया है। पत्रकारों के लिए बजट में विशेष प्रावधान करने के लिए प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी और मीडिया सलाहकार पंकज झा के प्रति भी आभार जताया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरविन्द अवस्थी, संयोजक राजेश मिश्रा, उपाध्यक्ष द्वय भरत योगी एवं मोहन तिवारी तथा रायपुर जिला अध्यक्ष राम साहू मौजूद थे।

### सांसद बृजमोहन से मिले अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय



**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका परिषद नवापारा के भाजपा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू व पार्षदों ने नागेन्द्र वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष नवापारा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गोयल की अगुवाई में राजधानी जाकर पूर्व मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल से भेंट मुलाकात की।

## हर बेटी की शादी में 1000 रुपए, देने की सरपंच ने निभाई पहली कसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



चुनावी वादे अक्सर खोखले साबित होते हैं, लेकिन ग्राम पंचायत कोकड़ी के सरपंच चुम्मन ध्रुव ने अपने संकल्प को हकीकत में बदलकर मिसाल पेश की है। चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादे को निभाते हुए उन्होंने ग्राम की बेटी वर्षा ध्रुव की शादी में 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी और स्वयं शादी समारोह में शामिल होकर परिवार की खुशियों में शरीक हुए। सरपंच चुम्मन ध्रुव ने स्पष्ट किया कि यह केवल चुनावी वादा नहीं था, बल्कि उनका नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने संकल्प लिया है कि अगले पाँच वर्षों तक ग्राम पंचायत कोकड़ी में होने वाली हर बेटी की शादी में 1,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। बेटियों की शादी में छोटी-सी मदद भी परिवारों के लिए संबल बन सकती है। मेरा उद्देश्य केवल आर्थिक सहयोग देना नहीं, बल्कि बेटियों के सम्मान को बढ़ाना भी है। ग्रामवासियों का मानना है कि चुम्मन ध्रुव केवल सरपंच नहीं, बल्कि सच्चे जनसेवक हैं। उनकी इस पहल की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। इस अवसर पर पंच ईश्वर ध्रुव, ललिता ध्रुव, भूमती ध्रुव, भीषण ध्रुव, ग्राम पटेल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सरपंच चुम्मन ध्रुव ने संदेश दिया बेटियां केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की शान होती हैं। जब तक मैं सरपंच हूं, इस वादे को निभाता रहूंगा। गांव में उनकी इस पहल को नेकदिली और समाजसेवा की मिसाल माना जा रहा है।

## फलों से तय हो पेड़ों का मुआवजा : ध्रुव

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में वर्तमान में चल रहे बजट सत्र के दौरान क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव ने क्षेत्र के मुख्य मुद्दा उठाते हुए फलो से तय हो पेड़ों की मुआवजा की मांग रखी। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा में 30 प्रतिशत खेती जमीनें, जबकि 70 प्रतिशत जंगल है। यहां बड़ी आबादी वनोपजों पर निर्भर है। विधायक जनक ध्रुव ने विधानसभा में पूछा कि क्या अलग–अलग पेड़ों के लिए मुआवजे की अलग दरें तय हैं। दरअसल, विभिन्न सरकारी परियोजनाओं में भू मालिकों राजस्व ग्राम वन विकास समितियों को जमीन अधिग्रहण और पेड़ कटने का ही मुआवजा मिल पाता है। ग्रामीण की आजीविका इन पेड़ों से मिलने वाले वनोपजों पर निर्भर होती है, जो पेड़ कटने से प्रभावित होती है।



कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि 18 फरवरी को ही इस बारे में सर्कुलर जारी किया गया है। विधायक जनक ध्रुव की मानें तो उन्होंने प्रश्न पहले लगाया था। जवाब तैयार करने के लिए अफसरों ने आनन–फानन में बैठक लेकर सर्कुलर निकाला है। इसमें वनोपजों की अलग दरें निर्धारित नहीं हैं। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि चिरौंजी 4 हजार रुपए किलो बिकता है, तो हर्रा–बेहड़ा 700 से 800 रुपए प्रति किलो बिकते हैं। हर वनोपज की कीमत अलग है। पेड़ कटने के समय कितने उम्र का है और उसका जीवनकाल कितने का है इस हिसाब से मूल्यांकन कर मुआवजा दिया जाना चाहिए मंत्री ने इस पर आश्वासन दिया है।

## जिला पंचायत सदस्य नंदनी ने की सीएम साय से मुलाकात



**राजिम।** पूरे प्रदेश में सर्वाधिक वोटो से जीत हासिल करने वाली राजिम-कौंदकेरा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से निर्वाचित नंदनी-ओंकार साहू गुरूवार को विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में सीएम हाऊस पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बुके भेंटकर मुलाकात किया। इस अवसर पर सीएम श्री साय ने विधायक रोहित साहू एवं जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू को बधाई और शुभकामना दी।

## ट्राइफेड ने एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण कर दिए महत्वपूर्ण सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के निरीक्षण के लिए नियुक्त किए गए ट्राइफेड के प्रबंध निदेशक 1999 बैच के आईएएस अधिकारी आशीष चटर्जी ने निरीक्षण किया। उनके साथ भास्कर झा सीनियर मैनेजर, जितेंद्र गुप्ता अपर संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट सोसाइटी, जीआर मरकाम मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबंद, नवीन कुमार भगत अपर कलेक्टर, प्रभाकर महादेव राव खदानें क्षेत्रीय प्रबंधक, ट्राइफेड, राम सिंह सोरी एसडीएम छुरा, रमेश मेहता तहसीलदार, छुरा, अविनाश पटेल एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। आशीष चटर्जी के आगमन पर विद्यालय प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव, अपर कलेक्टर नवीन कुमार भगत एवं जीआर मरकाम ने आशीष चटर्जी का बुके भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। जिसके पश्चात आशीष चटर्जी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विद्यालय की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने विद्यालय परिसर, खेल मैदान, छात्रावास, भोजनालय एवं अन्य भवनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं को सराहा और अधोसंरचना, शिक्षण व्यवस्था एवं छात्र-छात्राओं की सुविधाओं को लेकर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। निरीक्षण के बाद श्री चटर्जी विद्यालय प्रशासन की तैयारियों से संतुष्ट दिखे। उन्होंने विद्यालय को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कुछ सुझाव देते हुए शिक्षा की गुणवत्ता एवं छात्रावास सुविधाओं में सुधार की संभावनाओं पर बल दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु खेलकूद एवं व्यावसायिक शिक्षा को भी प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से श्री चटर्जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी अतिथियों को भी सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस निरीक्षण दौरे ने विद्यालय प्रशासन और छात्रों को उत्साहित किया है। NESTS के सहयोग से जनजातीय शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में यह दौरा अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने विद्यालय को और अधिक संसाधनयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केंद्र बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### राजिम नपा अध्यक्ष महेश ने सीएम से की मुलाकात



**राजिम।** राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद के 11 मार्च को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए सीएम विष्णुदेव साय को विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में विधानसभा परिसर में निमंत्रण देने पहुंचे साथ में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला चुनाव प्रभारी सुरेंद्र पाटनी मौजूद थे।

पेज 9 के शेष...

### जंगल में धधक...

हर वर्ष व्यापक स्तर पर तैयारिया की जाती है साथ ही जगह -जगह फायर वाचर नियुक्त किया जाता है, प्रशिक्षण आदि के माध्यम से जंगलों को बचाने के लिए वन प्रशासन द्वारा अनेक प्रयास करने का दावा किया जाता है बावजूद इसके लगातार क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटना आम है, जंगल में आग लगने से जहां एक ओर कीमती वनोजप के साथ पेड़, पौधे जलकर स्वह हो जाते हैं। वहीं भारी नुकसान भी होता है और जंगलों में आग लगने के कारण वन्य प्राणी व्याकूल होकर अपने जान को बचाने गांव की तरफ रूख करते हैं। कई बार वन्य प्राणी अवैध शिकार की संभावनाए बनी रहती है।

### मेला तो निपट...

सकता है। यदि महानदी के एक-डेढ़ किलोमीटर की सफाई करने की योजना शासन-प्रशासन स्तर में बनाई जाए तो कम से कम इतने बड़े क्षेत्रफल में पानी साफ नजर आएगा। धार और रेत के स्थान पर कोई उबड़-खाबड़ भूमि- पैरी में चौबेबांधा के पास एनीकट के ऊपर जिस तरह से रेत नजर आता है ठीक ऐसा ही महानदी में भी देखने को मिलेगा। एक जमाना वह भी था जब महानदी में सिक्का डालने से वह भी चमकता हुआ दिखता था। परंतु आज स्थिति यह है कि नदी के बीच धार और रेत के स्थान पर कोई उबड़-खाबड़ भूमि है जिस पर घास एवं कटीली झाड़ियां उगी हुई है। इस दिशा में स्थानीय सभ्रांत नागरिको ने शासन-प्रशासन का कई बार ध्यान आकर्षित किया, परंतु किसी ने भी जरा भी ध्यान नही दिया। मालूम हो कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सोच थी कि नदियों को प्रदूषण मुक्त किया जाए एवं नदियों को आपस में जोड़ने की कार्य योजना बनाई जाए उनके सपना और सोच को कार्यरूप में परिणित करने की आवश्यकता है।

### कलेक्टर ने बिना...

हेक्टेयर शासकीय पट्टे के भूमि है। उक्त भूमि को सर्वप्रथम गोपाल राम ने नितेश साहू को विक्रय कर दिया। तत्पश्चात नितेश साहू ने अश्वन कुमार पटेल को ऋण पुस्तिका दिखाकर उक्त भूमि का 4 सितम्बर 2018 को विक्रय पंजीयन कराया। विक्रेता ने उक्त भूमि को सभी प्रकार के अधिभारों से मुक्त बताकर तथा किसी भी न्यायालय में विवाद लंबित नहीं होना बताकर अश्वन कुमार को विक्रय कर दिया। इस प्रकरण को कलेक्टर न्यायालय में सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने दोनों भूमि रकबों के विक्रय-अंतरण में भू-राजस्व संहिता के उल्लंघन पाये जाने पर बिक्री को शून्य एवं अकृत घोषित किया है।



## खबर संक्षेप



### फाइन स्टार क्रिकेट स्पर्धा का हुआ शुभारंभ

**मुड़ागावं (कोरासी)।** ग्राम खैरझिटी में फाइन स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में पांच दिवसीय प्रथम वर्ष टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का जोरदार शुभांरभ शनिवार को किया गया। इस मौके पर नव निर्वाचित सरपंच डेमेश्वर दीवान ने पूजा अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बाबुलाल ध्रुव, भगवान सिंग ध्रुव, बृजलाल यद्धु, हरीश पटेल, पुनितराम ठाकुर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद जिला मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता, उमाशंकर यादव मंचसीन थे।प्रतियोगिता का शुभारंभ कर अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र की युवाओं खिलाड़ियों और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। निश्चित रूप से इस क्रिकेट प्रतियोगिता से क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा की खिलाड़ी खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में शामिल होकर अपना बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस मौके पर प्रमुख रूप से हरीश, नंदकिशोर, परमेश्वर, रामरतन, मनोज, ठगेश, महेंद्र, लोमस,खुबलाल, दूजराम, कामता, खमेश एंव समस्त खिलाडी सहित बड़ी संख्या में आयोजक समिति के सदस्य एवं आसपास के क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थित थे।

### समस्या : सरकारें बदली, लेकिन ग्रामों की तस्वीर बदली न ही तकदीर

# गर्मी के शुरुआती दिनों में कहर, बुनियादी सुविधाओं की कमी से मटाल के लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ राज्य गठन के बाद प्रदेश में सरकारे बदली लेकिन सरकार बदलने के बाद भी विशेष पिछडी कमार जनजाति आदिवासियों ग्रामीणों में उम्मीद थी कि अब गांव के हालात सुधरेंगे पर ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के आश्रित ग्रामो मटाल व अन्य ग्रामो की तस्वीर न बदली और न ही तकदीर सडक और पानी जैसी बुनियादी सुविधाए आज भी लोगो के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है, शासन प्रशासन से बार बार गुहार लगाते थक चुके है पहाडी के उपर बसे इन ग्रामो के ग्रामीणो को सिर्फ आश्वासन का झुनझुना ही मिला है, और तो और इन दिनों एक –एक हंडी पानी के लिए गांव से दो किलोमीटर सुख चुके झरिया तक पहुचकर झरिया खोदकर पानी की व्यवस्था कर रहे है, पुरा दिन यहा के निवासियो और खासकर महिलाओ को सिर्फ पानी की व्यवस्था में देखा जा सकता है, तेज धुप पत्थरीले मार्ग में एक एक बुंद पानी के लिए तरसते इन ग्रामीणों का दर्द को तब तक महसूस नही किया जा सकता जब तक उस गांव में पहुचकर जमीनी हकीकत को नही जाना जा सकता, बहरहाल अन्य विकास की बाते तो बहुत दुर की है, अभी इस ग्राम में जिंदा रहने के लिए एक एक बुंद पानी के लिए ग्रामीणों को संघर्ष करना पड रहा है।

#### खेती किसानी नहीं के बराबर

पहाडी के उपर बसे मटाल में खेती किसानी नही के बराबर है सिंचाई का कोई साधन नही होने के कारण किसान खेती किसानी चाह कर भी नही कर पाते है गांव में अब तक हेण्डपम्प शासन द्वारा नही लगया गया है ग्रामीण सूख चुके नदी में झरिया खोदकर पानी पीने मजबूर होते है, और वर्षो से सिर्फ झरिया का पानी ही पी रहे हैं। गर्मी के इन दिनो में नदी सुख जाने से ग्रामीण 05–07 फिट गहरे झरियानुमा गडढा खोद कर पानी का इंतिजाम करते है जहां बड़ी मश्क्कत घंटो इतिजार के बाद लोगो को एक से दो हंडी ही पानी पीने के लिए ही नसीब होता है, यहा के कमार जनजाति के लोगो को पीने के लिए अदद दो बूंद पानी भी नसीब नही हो रहा है, यहां विकास की सारी बाते सिर्फ खोखले दावे प्रतित होती है। गांव में बिजली की रौशनी नही पहुंची है यहां तो सौर उर्जा प्लेट की स्थिति काफी बदत्तर हो चली है, कुलहाडीघाट पहुंचे मटाल के ग्रामीण सोमनाथ कमार, रूपधर कमार, पीलाराम, भगतराम कमार, राजमन कमार, सुखबती, आसमोतिन, पीलाबाई, मोहनी ने बताया कि यहां स्वास्थ्य सुविधा नहीं है। यहा राशन सामग्री लेने के लिए 15 किलोमीटर पैदल कुल्हाडीघाट आना पड़ता है और घोडे में लादकर राशन सामग्री गांव तक पहुचाया जाता है, वर्षों से गांव के लोग सडक, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्कूल, आंगनबाडी की मांग कर रहे है, लेकिन पहाडी गांव का हवाला देकर अब तक यहा कोई भी विकास कार्य नही हो पा रहा है, ग्रामीणो ने बताया कि आज तक विधायक सांसद या कोई बडे अधिकारी हमारे गांव नहीं पहुंचे है।



#### ग्रामीणो ने बताया गर्मी की शुरुआत में ही पानी की भारी परेशानी

ग्राम कुल्हाड़ीघाट कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे ग्राम माटल के ग्रामीणों ने बताया गर्मी के शुरुआत में ही पेयजल की समस्या को लेकर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है झरिया का पानी तेजी से सुख रहा है, स्कूल भवन नहीं है स्वास्थ्य का कोई सुविधा नहीं है कई बार अपनी समस्या को अवगत करा चुके हैं लेकिन हमारी समस्याओं का सुनने वाला कोई नहीं है। ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी ने बताया मटाल में पेयजल की गंभीर समस्या है और गर्मी के दिनो में यहां के लोगो को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। यहां तक पहुचने के लिए सडक नही है, यहा स्वास्थ्य शिक्षा बुनियादी सुविधाओ का अभाव है लगातार मांग करते ग्रामीण थक चुके है।

#### बडे बड़े दावों की खुल रही पोल

शासन प्रशासन के तमाम विकास के बडे बड़े दावे की पोल गरियाबंद जिला के इस आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के पहाडी ग्रामो के बदहाल स्थिति को देखते हुए खुलकर रह जाती है, नकसल प्रभावित क्षेत्र ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के आश्रित ग्राम मटाल बिहड़ जंगल व पहाडो के उपर बसा है इस ग्राम की अबादी लगभग 200 के आसपास है,और यहा विशेष पिछडी कमार जनजाति के लोग निवास करते है, कुल्हाड़ीघाट से 15 कि.मी. दूर राजाडेरा से सीधे पथरिले बड़े बड़े चट्टानो खाई को पार कर पहाड़ी के उपर बसा इस ग्राम में पैदल पहुचा जा सकता है, यहां आने जाने का एक मात्र साधन पैदल ही है और पंगडंडीनुमा रास्ता 20 से 25 छोटे–छोटे झोपड़ीनुमा घासफूस से बने मकान है गांव के एक ओर छोटी नदी बह रही है दूसरी ओर सैकड़ो फिट गहरे खाई है, कमार जनजाति के विकास के खका खिचने के लिए कमार विकास अभिकरण का गठन किया गया है, इस पर प्रशासन ने अब तक करोड़ो अरबो के बजट फूक डाला है बावजूद इसके मैनपुर विकासखण्ड के मटाल जैसे दर्जन भर से ज्यादा ग्रामों के ग्रामीणो को पीने के पानी के लिए झरिया पर आश्रय रहना पड़ता है यह कमार विकास अभिकरण के कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाने वाला लाख टके का सवाल है बहरहाल कमार ग्राम मटाल की दयनीय स्थिति और उनकी समस्याओं को समझने और सुनने की फूरसरत न तो निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के पास है और न ही प्रशासन में बैठे आला अफसरो के पास।

### होलाष्टक लगा, शुभ काम वर्जितः कन्हैया



**राजिम।** होली के पहले 6 मार्च से 13 मार्च होलिका दहन तक होलाष्टक रहेगा। ऐसी मान्यता है कि होलाष्टक अवधि में शुभ काम नहीं किए जाते है। इस अवधि में नकारात्मक ऊर्जा होती है। फाल्गुन का महीना उत्साह का माह माना जाता है। किंतु होली त्यौहार से पहले आठ दिन की अवधि जिसमें सावधान रहने को जरूरत होती है। हर साल फाल्गुन पूर्णिमा की तिथि में होली बहुत धूम -धाम से मनाया जाता है। इस साल होलिका दहन 13 मार्च को होगा एवं 14 मार्च को होली खेली जाएगी। होलिका दहन के ठीक 8 दिन पूर्व होलाष्टक लग जाता है। क्या है होलाष्टक राक्षस हिरण्य कश्यप खुद को भगवान समझता था। वह अपने विष्णु भक्त पुत्र प्रहलाद को घोर यातनाएं देकर, डरा धमका कर अपने अधीन करना चाहता था। उसने प्रहलाद को 8 दिन घोर यातनाएं दी। इस अवधि को होलाष्टक कहा जाता है। इस समय उग्र एवं नकारात्मक ऊर्जा भारी होती है। ऐसी मान्यता है कि इस अवधि में शुभ काम नहीं होते है। पंडित कन्हैया तिवारी ने बताया कि होलाष्टक अवधि में कोई भी शुभ काम वर्जित है। नया घर प्रवेश, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, वास्तु पूजन, शादी-ब्याह जैसे अनेको कार्य नही किए जा सकते।

## नगर में विकास संघर्ष समिति का गठन, भागवत हरित बने अध्यक्ष

**फिंगेश्वर।** गुरुवार को विश्रामगृह फिंगेश्वर में नगर के नागरिकों के द्वारा सर्वसम्मति से नगर विकास संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमें वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित को अध्यक्ष चुना गया। वहीं पर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी उपाध्यक्ष बनाए गए। इसी कड़ी में कोषाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, सचिव किरणेश सोनी एवं सहसचिव अशोक साहू को बनाया गया। वहीं पर कोषाध्यक्ष, दीपक श्रीवास पार्षद एवं लगभग 26 कार्यकारिणी सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य शिवाजी राव धुर्वे रिटायर्ड जज को बनाया गया। बहुत दिनों बाद दलगत राजनीति



से उपर उठकर विकास की दिशा में बढ़ाए गए इस कार्य की फिंगेश्वर की जनता ने सराहना की है। कार्यक्रम मे समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भागवत हरित ने लोगो से कहा कि फिंगेश्वर नगर में कृषि महाविद्यालय के भवन निर्माण को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू ने विधान सभा में प्रश्न उठाया है जो हम सभी के लिए और इस पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। फिंगेश्वर में निर्माण को लेकर शासकीय भूमि की कमी नहीं है 15 करोड़ की राशि स्वीकृत कराने पर उनका हार्दिक अभिनंदन नगर में हो। जिसके लिए तिथि आयोजित किया जावेगा। कालेज के निर्माण को लेकर भूमि आदि के संबध मे व्यापक चर्चा हुई। इस अवसर समिति के अध्यक्ष भागवत हरित, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी, पार्षद अनिल चंद्राकर, हरनारायण सूर्यवंशी, रमलू टांडेकर, पार्षद दीपक श्रीवास, शांति कोसरे, नरेन्द्र रात्रे, कमलेश कश्यप, महेन्द्र ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, किरणेश सोनी, हरिशंकर श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंग ठाकुर, भुवन साहू, अनिता शर्मा, अरूण ध्रुव आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस पार्षदों का शपथ ग्रहण पालिका भवन में हुआ




**नवापारा-राजिम।** बुधवार सुबह कांग्रेस के निर्वाचित 9 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह पालिका भवन में हुआ। इन पार्षदों को निर्वाचन अधिकारी रवि सिंग, सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रदीप मिश्रा ने शपथ दिलाया।




संकलनकर्ता : गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि, ब्यूरोप्रमुख जिला - गरियाबंद, मो. 9993223300

**खबर संक्षेप**



## सरपंच ने वन विभाग को सौंपा हिरण का बच्चा

**फिंगेश्वर।** ग्राम बेलटुकरी मे ग्रामीणों ने एक हिरण एवं उसके बच्चे को खेत खलिहानों के आसपास खेलते देखा, वहीं पर हिरण का बच्चा अचानक खेतों मे काम कर रही महिलाओं के समीप पहुंच गया। महिलाओं ने आवारा घूम रहे कुत्तों से बचाने के लिए उस बच्चा हिरण को पकड़ लिया। पकड़ने के बाद महिलाएं उसकी मां का इंतजार करती रही, लेकिन वो नहीं आई। तब से नन्हें हिरण को एक महिला ने अपने घर में रख लिया। इस बात की जानकारी जब दरोगा हरिश्चंद्र साहू दरोगा के माध्यम से ग्राम सरपंच पुरानीक साहू को हुई तो सरपंच पुरानिक साहू ने तत्काल वन विभाग को जानकारी दी। जिसके चलते वनविभाग की टीम गांव पहुंच गई और बच्चे को ले गई। इस प्रकार ग्रामीणों एवं सरपंच के द्वारा उचित कार्यवाही करने से हिरण का बच्चा सही सलामत रहा वहीं पर सही जगह भी उसे मिल गई। इस अवसर पर सह राज्य प्रभारी भानुप्रताप साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष अशोक दुबे के अकास्मिक निधन होने पर उनके छायाचित्र की पूजा अर्चना कर उन्हे दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा अशोक दुबे कांग्रेस के काफी संघर्शशील नेता थे उन्होने क्षेत्र में कांग्रेस सेवादल को मजबूत किया लंबे समय तक सेवादल के अध्यक्ष रहे। अशोक दुबे के योगदान को कांग्रेस पार्टी कभी नही भुलेगी। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेन्दु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नेताम, नेहाल नेताम, शाहिद मेमन, तनवीर राजपूत, डोमार साहू, रामदेव ध्रुव, नंदकिशोर पटेल, चंपे"वर ध्रुव, राजकुमार दीवान और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**निधन**

## राम्हीन बाई निर्मलकर



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम बोईरगांव निवासी राम्हीन बाई निर्मलकर 92 वर्ष का निधन 5 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिवार एवं समाज सहित ग्रामीणजन शामिल हुए। वे रतनलाल, कोमल राम, तरुण कुमार निर्मलकर प्रोफेसर के माता और ओमप्रकाश, पोखराज, घर्षित, विवेक,आयुश, सोनाली के दादी थी।

**कार्यक्रम :** पंचायत प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण में शामिल हुए विधायक

# अपने गांव की पावन भूमि का कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा : रोहित साहू





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम**

मंगलवार की देर रात विधायक रोहित साहू अपने गृहग्राम सेम्हरतरा-पीपरछेड़ी में पंचायत प्रतिनिधियो के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यहां हमारे छोटे भाई भाजपा कार्यकर्ता हरीश साहू को आपने सरपंच पद की अहम जिम्मेदारी सौंपी है मै विश्वास दिलाता हूं कि इन दोनो ग्राम के विकास और तरक्की में कोई कमी नही आने दी जाएगी। आप जो भी काम चाहेंगे वह पूरा होगा। विधायक श्री साहू ने अपने बीते दिनो की याद ताजा करते हुए कहा कि आपने मुझे यहां दो बार सरपंच बनाकर आशीर्वाद दिया और आपके ही आशीर्वाद से आज मै भारतीय जनता पार्टी के विधायक के रूप में आपके सामने मौजूद हूं। आपका यह बेटा आपका यह भाई आज भी अपने आपको जनसेवक ही मानकर चलता है। कहा कि इस गांव के पावन भूमि में मेरा जन्म हुआ इसका कर्ज तो मै जीवन भर नही उतार पाऊंगा। इस गांव के लिए जितना भी करूंगा कम ही होगा परंतु यह बात दावे के साथ कहना चाहता हूं कि पूरे गरियाबंद जिले में विकास के मामले में नंबर वन रहेगा। विधायक श्री साहू अपने गृहग्राम में काफी प्रफुल्लित नजर आ रहे थे वे जैसे ही यहां देर रात को पहुंचे तो पूरे ग्रामवासियो ने अपने लाडले विधायक को हाथो-हाथ उठा लिया। जमकर आतिशबाजी किए और फुल मालाओं से लाद दिए। सड़क से लेकर मंच तक पहुंचे। यहां मातृशक्तियों ने गुलाल लगाकर बुकें भेंटकर विधायक श्री साहू का आत्मीय स्वागत किया। भीड़ भरे सभा को संबोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि हर गरीबों का आवास बनेगा। किसी भी गरीब को आवास के लिए भटकने की जरूरत नही पड़ेगी। ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय के सुशासन की सरकार है। जिनका नाम छूट गया है उनका भी नाम जोड़ा जाएगा। ये भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जो कहती है वो करती है। विष्णुदेव साय की सरकार ने 18 लाख गरीब परिवार को आवास बनाने की स्वीकृति दी। इसी तरह एक एकड़ में 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा किये थे वो पूरा किया। 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदने की बात कही थी वो भी हमारी सरकार ने पूरा किया। छत्तीसगढ़ में सरकार बनने पर माताओं, बहनों को एक-एक हजार रूपए देने का वादा किया था आज सबको पैसा मिल रहा है। विधायक श्री साहू ने कहा कि इससे पहले किसी भी सरकार ने एक रूपया नही दिया था। ये मोदी जी की गारंटी है जिसमें सब पूरा हो रहा है। कहा कि मुझे विधायक बनाकर गांव का पहचान पूरा प्रदेश में बनाया। इस गांव में सरपंच था तो यहां की योजना को शासन तक पहुंचाने में बहुत बड़ा योगदान हरिभूमि का रहा है। इस अवसर पर ग्रामीणो की मांग पर हाई मास्क लाइट के लिए छः लाख रूपए की घोषणा किया। विधायक श्री साहू ने नवनिर्वाचितयुवा सरपंच हरीश साहू एवं सभी पंचो को बधाई दी।

**कार्यक्रम में ये थे मौजूद**

कार्यक्रम में किशोर साहू,दिलीप साहू,प्रकाश साहू, ओमकुमार साहू,नारायण साहू,दयाराम साहू,कमलेश साहू,चितरू साहू,के साथ पंच नंदजी साहू,हुलास साहू,जग्गनाथ साहू ,वीना ध्रुव,धनेश्वरी साहू,गायत्री साहू,सफरा सतनामी,भेनु साहू, केमिन साहू,सुनीता साहू, रेखा साहू सचिव,शंकर साहू, ऑपरेटर, घासीन साहू रोजगार सहायक, तुकेश साहू , एवं ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पीपरछेड़ी के ग्रामीण अध्यक्ष खम्भन साहू ,मंशा साहू,विष्णु साहू,किशलाल,ईश्वर साहू,रूपेश साहू,वीरेंद्र साहू,राजेश्वर ध्रुव , लोको,लखन रात्रे,परमा सोनवानी, गुरुचरण सोनवानी ,प्रकाश साहू,मुरली साहू,दल्लू साहू मौजूद थे।

# राजिम-पंचकोसी-जतमई-घटारानी पर्यटन कॉरीडोर की परिकल्पना होगी साकार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम**

छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन एवं तीर्थ स्थान राजिम के लिए सीएम विष्णुदेव सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा आगामी वर्ष राजिम कुंभ के लिए 8 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जिससे आगामी वर्ष होने वाले राजिम कुंभ और भी अधिक भव्य होने की संभावना है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप से राजिम की पहचान है। राजिम में तीन प्रमुख नदियों महानदी, पैरी नदी एवं सोंढुर नदी का संगम स्थल है। जहां साल भर लोग पवित्र स्नान करने एवं मृतात्मा की शांति के लिए अस्थि विसर्जन करने पूरे प्रदेशभर के लोग आते हैं। नदी के बीचो-बीच भगवान कुलेश्वर महादेव विराजमान है। श्री राजीव लोचन जी के छत्रछाया में संपूर्ण राजिम क्षेत्र आज विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। राजिम क्षेत्र की पहचान राजिम के पंचकोशी धाम कुलेश्वर महादेव, पटेश्वर महादेव ,चम्पेश्वर महादेव, ब्रम्हणेश्वर महादेव, फनिकेश्वर महादेव, कोपेश्वर महादेव का मंदिर पंचकोशी धाम के नाम से विख्यात है। राजिम क्षेत्र धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यटन एवं प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है। राजिम- गरियाबंद क्षेत्र के जतमई जलप्रपात, घटारानी जलप्रपात एवं चिंगरापगार जलप्रपात छत्तीसगढ़ में अपनी अलग पहचान रखता है। छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से पर्यटक यहां आनंद लेने साल भर पहुंचते है सैलानियों की बड़ी भीड़ रहती है। गरियाबंद से लगे मरोदा में विश्व के सबसे बड़ा शिवलिंग भोलेनाथ भुतेश्वरनाथ के दर्शन के लिए तांता लगा रहता है। पांडुका के नजदीक कुकदा डेम सैलानियों के लिए मनपसंद पिकनिक स्पॉट है। पांडुका के नजदीक पैरी नदी किनारे सिरकट्टी आश्रम अपनी प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है। राजिम से 14 किलोमीटर की दूरी पर चंपारण स्थित है जहां गुजराती वैष्णव समाज के वल्लभाचार्य जी का प्राकट्य स्थली है। छत्तीसगढ़ ,देश-विदेश के साथ-साथ विशेष रूप से गुजरात राज्य एवं मुंबई महाराष्ट्र के गुजराती वैष्णवजनो के प्रमुख आस्था का केंद्र है। इस प्रकार राजिम क्षेत्र में धार्मिक आस्था के 10 से अधिक धार्मिक स्थल एवं प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण 5 से अधिक पर्यटन स्थल है। इन सभी धार्मिक स्थलों एवं प्राकृतिक स्थलों को जोड़कर कर पर्यटन कारीडोर के रूप में विकसित करने से राजिम क्षेत्र पर्यटन के दृष्टिकोण से भारत के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में उभरकर सामने आ जाएगा जिससे राजिम क्षेत्र के विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। देश विदेश में राजिम की प्रसिद्धि और बढ़ेगी।

■ आगामी वर्ष राजिम कुंभ के लिए 8 करोड़ रुपए का किया गया प्रावधान

**कलश यात्रा के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ**

# बरदुला में हुआ अमात गोंड़ समाज भाटीगढ़ राज का वार्षिक सम्मेलन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर**

अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज भाटीगढ़ राज का वार्षिक महासम्मेलन ग्राम बरदुला सर्कल मैनपुरकला में आहुत किया गया जिसमें भाठीगढ़ राज अन्तर्गत 13 सर्कल के अन्तर्गत 70 गांवों से समाज के पुरूष, महिलाएं व युवा बढ़चढ़ कर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया पश्चात आदिशक्ति बड़ादेव के पुजा अर्चना आरती किया गया एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। इस सम्मेलन में सभापति के रूप में प्रेमसाय जगत, उपसभापति भारत साय धुर्वा, खेदूराम नेगी, जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, नाथूराम ध्रुवा, संरक्षक अमृतलाल नागेश, संयोजक केजूराम नागेश, अखिल भारतीय अमात गोड़ समाज भाठीगढ़ राज के अध्यक्ष गुजरात सिंह कमलेश, महासचिव सुखराम नागेश, सलाहकार टीकम सिंह कपिल, महामंत्री सियाराम ठाकुर, गुमान सिंह ठाकुर सहित समाज जनो के सानिध्य मे सम्मेलन संपन्न हुआ। इस दौरान बैठक मे समाज के नन्हें कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बैठक मे समाज से जुड़े मुद्दे पर चर्चा किया गया जैसे समाज को एक सुत्र मे बंधकर रहना, समाज की शिक्षा, संस्कृति, रीति–रिवाजों पर गहन चर्चा किया गया एवं समाज की विकास के लिए समाज मे जो कुरीती है नशापान, नशापान से दुर रहने समाज के लोगों से अपील किया गया, इस दौरान समाज के लोगो ने शिक्षा पर जोर देने अपील किया गया शिक्षा के क्षेत्र मे युवाओं को आगे लाने चर्चा परिचर्चा किया गया। सम्मलेन मे समाज जनो द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे विजयश्री प्राप्त करने वाले नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया किया गया पश्चात समाज के वार्षिक आय व्यय एवं नव निर्मित समाजिक भवन का आय व्यय एवं समीक्षा, सभी सर्कल से कलश संचयनिधि राशि पर चर्चा, समाजिक व्यवसायिक परिसर का किराया राशि जमा करना एवं समीक्षा, अधिकारी कर्मचारियों का शेष सहयोग राशि जमा करना एवं समीक्षा, जनप्रतिनिधियों सरपंच, जनपद सदस्य, आदि का सहयोग राशि, समाजिक सहयोग राशि पर चर्चा व समीक्षा किया गया।



**सम्मेलन में ये रहे उपस्थित**

इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से खोलूराम कोमर्रा, पवन दीवान, बलीराम नेताम, बलीराम नागेश, जगतूराम धुर्वा, लालसिंह नागेश, अभीराम नागेश, मुकेश कपिल, धनसाय नागेश, गोपीराम नेताम, चैन सिंह नेताम, लक्ष्मीनाथ नेताम, धर्मेन्द नेताम, श्रीमती नीरा कपिल, ताराबाई, दुलेश्वरी नागेश, उपासिन नागेश, गीता ठाकुर, नीलिमा नागेश, पुनाई बाई मरकाम, धनशाय नागेश, गौकरण धुर्वा, मकरम नेताम, लाल सिंह नागेश, रामेश्वर कपिल, पवन सिंह नेताम, विश्राम नागेश, हरिश्चंद्र नेगी, दशरथ ओंटी, देवन सिंह नेताम, बलिराम नेताम, खेदु नेगी, चेतन नेताम, धनसाय नागेश, गुमान सिंह, दशरथ ओटी, कुंदन नेगी, सुखराम नागेश, लीलाबाई कमलेश एवं समस्त 13 सर्कल के महिला पुरूष युवा बड़ी संख्या उपस्थिति रहे । मंच का संचालन सुखराम नागेश, सचिव रामेश्वर कपिल, सहसचिव महेन्द्र फरस एवं चंद्रकिशोर नागेश के द्वारा किया गया।

# एचआईवी संक्रमण से बचाव और रोकथाम के लिए जागरूकता जरुरी

**कॉलेज में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम**

फूलचंद अग्रवाल महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एच.आई.वी. संक्रमण से बचाव व रोकथाम विषय पर भाषण, निबंध ,लेखन, पोस्टर एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के आयोजन में 200 विद्यार्थियों ने भाग लिए। जिसमें निधि जैन,डोगेश्वर साहू ,पलक मिश्रा ,टिकेश्वरी साहू, सिध्दार्थ साहू ,हिमांशु साहू ,अंजली देवांगन ,प्रथम स्थान प्राप्त किए व अनिकेत साहू, प्रेमीन साहू, एस कुमार साहू ,मोहित कुमार, नागेश कुमार, पलक मिश्रा ,अंजली देवांगन द्वितीय स्थान पर रहे। इन विजेताओं को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.शोभा गावरी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिताएं निश्चित ही एड्स जागरुकता के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है वर्तमान में एड्स जागरूकता पर युवाओं को जागृत करना नितांत आवश्यक है क्योंकि युवा ही भविष्य के निर्माता है। उपप्राचार्य डॉ.मनोज मिश्रा ने कहा कि एड्स नियंत्रण शाखा- रायपुर की यह योजना बहुआयामी पहल होगी। ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन से एच.आई.वी. से प्रभावित लोगों के साथ एकता से खड़े होने का सन्देश पहुंचेगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ.आर.के. रजक ने बताया कि एच.आई.वी. एवं एड्स संक्रमण एक जानलेवा बीमारी है। इसे केवल जनजागरूकता से रोका जा सकता है। अभी तक वैज्ञानिक इसका ठोस उपचार नही खोज पाए है। बचाव एवं सतर्कता ही एकमात्र उपाय है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के डॉ.डी.पी.निर्मलकर, डॉ.श्यामा शांडिल्य, डॉ. राजेश्वरी चन्द्राकर, प्रो.लेखराम साहू, डॉ. प्रेरणा सोनी, डॉ. दुर्गेशनंदिनी साहू , प्रो. महेंद्र द्विवेदी, प्रो. लोमश साहू की अहम भूमिका रही।



**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# छाने लगी महुआ की मादक खुशबू

**मैनपुर।** वनोपज में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला महुआ का सीजन अब प्रारंभ होने वाली है पूरे प्रदेश में गरियाबंद जिले के जंगल में महुआ का उत्पादन सर्वाधिक होता है और महुआ के वृक्षो में इन दिनों महुआ के फुल आने लगी है वनांचल क्षेत्र से गुजरने वाले लोग महुआ की मादक खुशबु का अहसास कर रहे है। सोने के दानो की तरह चमकने वाले महुआ फुल की तस्वीर हमारे मैनपुर संवाददाता शेख हसन खान ने अपने कैमरे में कैद की है।



# 10वीं व12वीं के छात्र-छात्राएं दे रहें हैं परीक्षा




**मुड़ागांव (कोरासी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़मा परीक्षा केंद्र 151055 में 1 मार्च से 10वीं, 12वीं की मध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित की जा रही है। जिसमें हायर सेकेण्डरी खड़मा और हायर सेकेण्डरी पंक्तिया के 10वीं के 99 छात्र-छात्राएं और 12वीं के 91 छात्र-छात्राएं परीक्षा दिला रहें हैं। परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण संचालन केंद्राध्यक्ष जीपी वर्मा, सहायक केंद्राध्यक्ष जीके पटेल के दल द्वारा की जा रही है। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण ब्लाक छुरा जिला गरियाबंद सहायक संचालक रायपुर के अधिकारियों के द्वारा किया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




रिजर्वेशन कोच
24 जून से 04 जुलाई 2025, 08 जुलाई से 18 जुलाई 2025, 29 जुलाई से 08 अगस्त 2025 (11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411




रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

आवश्यकता है
हरिभूमि समाचार पत्र को जिला गरियाबंद में पार्ट टाईम डोर-टू-डोर कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का साधन हो तत्काल संपर्क करें।
पद - 10
योग्यता : 10वी, 12वीं, स्नातक
वेतन : 12000 +
Resume Whatsapp करें
7987124123
8370049468
हरिभूमि कार्यालय
बस स्टैण्ड नवापरा (राजिम)